पत्र सं०–एम–4–21/2021(खण्ड)....3176..../वि०

बिहार सरकार

वित्त विभाग

प्रेषक,

डॉ० आशिमा जैन, भा०प्र०से०
सचिव (व्यय)।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी,
सभी कोषागार पदाधिकारी,
सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–21-03-2025

विषयः– वित्तीय अनुशासन बनाये रखने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में 31.03.2025 तक कोषागार में विपत्र प्रस्तुत करने से संबंधित दिशा–निर्देश।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–2867 दिनांक–13.03.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वित्तीय अनुशासन बनाये रखने हेतु प्रासंगिक विभागीय पत्र द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में दिनांक–17.03.2025 से 31.03.2025 तक कोषागार में विपत्र प्रस्तुत करने से संबंधित दिशा–निर्देश दिये गये हैं, जिनका अनुपालन कोषागार से राशि निकासी में किया जाना आवश्यक है।

2. इस क्रम में ए०सी० विपत्र पर राशि की निकासी हेतु निम्नांकित निर्णय संसूचित किये जाते हैं:–

i. किसी भी मामले में उतनी ही राशि की अग्रिम निकासी की जा सकेगी, जिसका व्यय 31 मार्च 2025 तक कर लिया जायेगा। इस क्रम में 31 मार्च 2025 तक राशि व्यय हो जाने का साक्ष्य अथवा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की स्वघोषणा (Self Declaration) भी विपत्र के साथ कोषागार में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा ।

ii. केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम से संबंधित SNA (केन्द्रांश एवं राज्यांश), केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम पर राज्य स्कीम से अतिरिक्त व्यय (केन्द्रांश में कमी अथवा Top up के रूप में), Special Assistance to State से संबंधित विपत्र, केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम, 15वें वित्त आयोग, षष्ठम राज्य वित्त आयोग, सामाजिक सुरक्षा योजना, छात्रवृत्ति योजना इत्यादि मामलों में उपर्युक्त कंडिका–i के बंधेज प्रभावी नहीं होंगे।

iii. तदनुसार एतद्संबंधी पूर्व निर्गत दिशा–निर्देश उक्त हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

3. अतएव अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में निधि निकासी हेतु उपर्युक्त प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

Ashima Jain 21/03/2025

(डॉ० आशिमा जैन)
सचिव (व्यय)।

ज्ञापांकः–एम–4–21/2021(खण्ड)–....3176..../वि०

पटना, दिनांक–21-03-2025

प्रतिलिपिः–प्रधान महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Ashima Jain 21/03/2025

सचिव (व्यय)।

ज्ञापांकः—एम—4—21 / 2021(खण्ड)—3176 / वि० पटना, दिनांक—21-03-2025

**प्रतिलिपिः**—मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी / विकास आयुक्त के आप्त सचिव / पुलिस महानिदेशक, बिहार / माननीय राज्यपाल के प्रधान सचिव, राजभवन / महानिबंधक, पटना उच्च न्यायालय / सचिव, बिहार विधान सभा / सचिव, बिहार विधान परिषद् / सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग / माननीय लोकायुक्त के सचिव, लोकायुक्त कार्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

Ashima Jain 21/03/2025

**सचिव (व्यय)।**

ज्ञापांकः—एम—4—21 / 2021(खण्ड)—3176 / वि० पटना, दिनांक—21-03-2025

**प्रतिलिपिः**—माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री के आप्त सचिव / मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

Ashima Jain 21/03/2025

**सचिव (व्यय)।**